प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक द्वारा हड़ताल

4960. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
सैयद सिब्ते रजी :

क्या **मानव** संसाधन **विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक अपनी मांगें मनवाने के लिये पिछले कुछ महीनों से दिल्ली में आन्दोलन कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की मुख्य मांगे क्या-क्या हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि लगभग दस वर्ष पूर्व चट्टोपाध्याय समिति ने प्राथमिक विद्यालय के शिक्षको के वेतनमान बढाने के संबंध में सिफारिशें की थी ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार द्वारा विगत में समिति की सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए कोई कार्यवाही की गई है ?

मानव संसाधन **विकास मंत्रालय** (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग में **उपमंत्री** (**कुमारी शैलजा**) : (क) और (ख) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन सी टी) दिल्ली सरकार ने सूचित किया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के शिक्षको द्वारा कोई आन्दोलन नहीं चलाया जा रहा है । अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ मुख्य रूप से प्राथमिक शिक्षा की देख-रेख करने वाली पंचायती राज संस्थाओं का विरोध, सभी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में चट्टोपाध्याय आयोग द्वारा अनुशंसित वेतनमान, सेवा शर्तों का कार्यान्वयन, स्कूलों के अप्रत्यक्ष निजीकरण को रोकना, विधान परिषदों में शिक्षकों के निर्वाचन क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षकों को वोट देने का अधिकार देना आदि के मुद्दे पर आन्दोलन कर रहा है ।

(ग) से (ङ) चट्टोपाध्याय आयोग ने वर्ष 1985 में अपनी रिपोर्ट दी। आयोग न तो संशोधित वेतनमानों की सिफारिश करने के लिए गठित किया गया था और न ही विशेष रूप से संशोधित वेतनमानो की जांच करने अथवा सिफारिश करने के लिए । तथापि चतुर्थ वेतन आयोग और चट्टोपाध्याय आयोग की सिफारिशों को ध्यान मे रखते हुए सरकार ने 1.1.1986 से स्कूल शिक्षकों के लिए संशोधित तीन-चरणीय वेतनमानों के साथ शिक्षण भत्ता भी पहले से ही निर्धारित कर दिया है ।

***Recommendations* by Chattopadhyay Committee**

4961. PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA:

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA:

SHRI ANANT RAM JAISWAL:

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether the Government of Delhi have sent any proposal to the Central Government to implement some of the recommendations made by the Chattopadhyay Commission relating to teachers in Delhi; and

(b) if so, the action taken thereon by the Government?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KM. SELJA): (a) and (b) The Government of the National Capital Territory, Delhi have sent proposal to the Government of India suggesting (i) enhancement of medical allowance from Rs. 15/- p.m. to Rs. 65/- p.m.; (ii) grant of selection scale to all teachers who have rendered 12 years in the senior